उपाय

मेन गेट

मुख्य द्वार के लिए उपाय

1). मुख्य द्वार पर बगुआ दर्पण लगाएं।

2). मुख्य द्वार से अन्दर आने पर पहले कमरे में क्रिस्टल बॉल टाँगें।

3). मुख्य द्वार पर दरवाज़ों को अन्दर की ओर खुलना चाहिए, जिससे ऊर्जा का प्रवाह अन्दर की ओर हो सके।

4). आप घर के प्रवेश द्वार को लक्ष्मी, गणेश व कुबेर भगवान के चित्रों या मूर्तियों से या व स्वास्तिक जैसे शुभ चिन्हों से भी सजा सकते हैं।

मुख्य द्वार के लिए सुझाव

1). घर का मुख्य द्वार घर के दूसरे सभी प्रवेश द्वारों से बड़ा होना चाहिए।

2). मुख्य द्वार के दो कपाट होने चाहिए और ये अन्दर की ओर खुलने चाहिए। मुख्य द्ववार के लिए टीक की लकड़ी सही रहेगी।

3). आपके घर का मुख्य द्वार किसी और घर के मुख्य द्वार के ठीक सामने नहीं होना चाहिए। साथ ही दो मकानों का एक ही प्रवेश द्वार नहीं होना चाहिए।

4). अगर घर का प्रवेश द्वार दक्षिण दिशा की ओर है तो द्वार के सामने कोई बालकनी या बरामदा नहीं होने चाहिए।

5). घर के मुख्य द्वार के नीचे कोई भूमिगत टंकी या नाला नहीं होने चाहिए। मुख्य द्वार के सामने कोई त्यागी हुई या टूटी हुई इमारत नहीं होनी चाहिए।

6). जूतों को मुख्य द्वार के ठीक सामने नहीं, बल्कि एक तरफ करके रखना चाहिए।

7). मुख्य द्वार को तिरछा, फिसल कर खुलने वाला या गोलाकार नहीं होना चाहिए।

8). मुख्य द्वार के सामने कोई पेड़ या बिजली का खंभा नहीं होना चाहिए।

वेड रुम 2

शयन कक्ष के लिए उपाय

1). शयन कक्ष में क्रिस्टल बॉल टाँगें।

2). प्रेम, शांति व समृद्धि बनाए रखने के लिए होली एसेंस का रोज़ाना प्रयोग करें।

शयन कक्ष के लिए सुझाव

1). अपने सर को हमेशा पूर्व या दक्षिण दिशा की ओर कर के सोएं।

2). ड्रैसिंग टेबल या दर्पण को पूर्वी या उत्तरी दीवार पर लगाना चाहिए और यह पलंग के विपरीत बिलकुल भी नहीं होने चाहिए। एक सुखी विवाहित जीवन के लिए इस बात का ध्यान रखना ज़रूरी है।

3). धन रखने की तिजोरी उत्तर दिशा के सामने होनी चाहिए।

4). कोशिश करें कि शयन कक्ष में एक्वेरियम या असली पौधे न हों।

5). अगर शयन कक्ष के साथ ही बाथरूम भी जुड़ा हो, तो इस बात का ध्यान रखें कि वह पलंग के ठीक सामने न हो और उसका दरवाज़ा हर समय बंद रहे।

6). कोशिश करें कि शयन कक्ष में देवी-देवताओं की मूर्तियां न हों। इनके लिए सर्वोच्च स्थान पूजा का कमरा ही है।

ड्राइंग रुम

ड्राइंगरूम के लिए उपाय

1). ड्राइंगरूम में नीली क्रिस्टल बॉल टाँगें।
2). उत्तर दिशा में एक मछलीघर (एक्वेरियम) रखें।
3). सकारात्मक ऊर्जा के लिए रोज़ होली एसेंस स्प्रे करें।

ड्राइंगरूम के लिए सुझाव

1). ड्राइंगरूम के लिए उत्तर दिशा सर्वोच्च है।
2). कूलर या ऐसी पश्चिम या उत्तर दिशा में होने चाहिए। यह दक्षिण-पूर्व या उत्तर-पश्चिम में नहीं होने चाहिए।
3). घर के मुखिया व उनकी पत्नि को दक्षिण-पश्चिम दिशा में पूर्व या उत्तर-पूर्व की ओर मुँह करके बैठना चाहिए।
4). मेहमानों को उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पूर्व में दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके बैठना चाहिए।
5). बहते जल की तस्वीर, मछलीघर, फव्वारे आदि उत्तर या पूर्व दिशा में लगाए जाने चाहिए क्योंकि इससे भाग्योदय होता है। पानी का बहाव घर के अन्दर की ओर होना चाहिए।
6). ड्राइंगरूम में दीवारों का रंग सफेद, पीला, नीला या हरा हो सकता है। हो सके तो काले व लाल रंग का ड्राइंगरूम में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।